University in News on 20 July 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

23 पाठ्यक्रमों में सीटों से कम आवेदन, 42 की 25 से परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया परास्नातक की दाखिला परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक के 23 पाठ्यक्रमों में सीटों से कम आवेदन मिले हैं। विवि ने इन पाठ्यक्रमों की दाखिला प्रक्रिया जल्द पूरी करने की बात कही है। वहीं, इनके अलावा 42 कोर्सों की प्रवेश परीक्षा की तिथि भी जारी कर दी है। परीक्षा 25 से 31 जुलाई तक दो पालियों में चलेगी।

पहली पाली में सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी में दोपहर 3 से शाम 4.30 बजे तक परीक्षा होगी। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीजीएट 2024 की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

इनमें सीटों से कम आवेदन : आचार्य, अरब कल्चर, अरबी, बॉयोस्टैटिसटिक्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स, कंपोजिट हिस्ट्री, डिफेंस स्टडीज, फ्रेंच, सीसीजेए, ज्योति विज्ञान, लिंग्विस्टिक, पर्शियन, संस्कृत, उर्दू वेस्टर्न, हिस्ट्री, पब्लिक पॉलिसी, पापुलेशन स्टडीज, पब्लिक हेल्थ इन न्यूट्रीशन साइंस एनवायरमेंटल साइंस, रिन्यूएबल एनर्जी, योग व एमएलआईएससी।

चार कोर्सों की आंसर की जारी

स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के क्रम में चार कोर्सों की आंसर की जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी ओएमआर की कार्बन कॉपी से इसका मिलान कर सकते हैं। जिन कोर्सों की उत्तर कुंजी जारी हुई है उनमें बीएलएड, बीएजेएमसी, बीबीए,बीएफए, व बीएससी एग्रीकल्चर शामिल हैं। इसके अलावा बीए एनईपी और बीबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए च्वॉइस फिलिंग की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

भाषा विवि में दोबारा खुला आवेदन पोर्टल

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय में यूजी-पीजी पाठ्यक्रमों प्रवेश की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। विवि में इन पाठ्यक्रमों की सीटें नहीं भर पा रही हैं। ऐसे में विवि ने शुक्रवार को दोबारा आवेदन पोर्टल खोल दिया है। प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। इसके साथ ही सीधे काउंसिलिंग करवा कर प्रवेश ले सकते हैं। (संवाद)

इन तिथियों में होगी प्रवेश परीक्षा

तिथि	पाली	विषय
25 जुलाई	प्रथम	एंथ्रोपोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, होमसाइंस, कंप्यूटर साइंस, बीपीएड व पब्लिक हेल्थ (कम्यूनिटी मेडिसिन)
25 जुलाई	दूसरी	एआईएच एंड आर्कियोलॉजी, एप्लायड जियोलॉजी, बीलिब. आईएससी, एजुकेशन, बायोकेमिस्ट्री, पब्लिक हेल्थ
26 जुलाई	प्रथम	अंग्रेजी, माइक्रोबायोलॉजी व गणित
26 जुलाई	दूसरी	फोरेंसिक साइंस, एमपीएड, पॉलिटिकल साइंस
27 जुलाई	प्रथम	बॉटनी, इकोनॉमिक्स
27 जुलाई	दूसरी	केमिस्ट्री, स्टैटिक्स, एमआईएच
28 जुलाई	प्रथम	एलएलबी
28 जुलाई	दूसरी	एमबीए, एमटीटीएम
29 जुलाई	प्रथम	ज्योग्राफी, एलएलएम
29 जुलाई	दूसरी	हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, सोशियोलॉजी व जूलॉजी
30 जुलाई	प्रथम	हिंदी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, फिजिक्स
30 जुलाई	दूसरी	जियोलॉजी, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी, साइकोलॉजी
31 जुलाई	प्रथम	एमएड, एमवीए, एमएफए
31 जुलाई	दूसरी	एप्लायड इकोनॉमिक्स, जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, सोशल वर्क, कामर्स

HINDUSTAN PAGE 7

परास्नातक स्तर के अलग-अलग पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा

एलयू में पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा 25 से 31 जुलाई तक होगी

दाखिले की दौड़

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 के तहत परास्नातक प्रवेश परीक्षा की तिथियों का ऐलान कर दिया गया है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने अनुसार कि 25 से 31 जुलाई तक परास्नातक स्तर के अलग-अलग पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रो. श्रीवास्तव का कहना है कि दो पालियों में प्रवेश परीक्षा होगी। प्रथम पाली सुबह 10:30 से 12 बजे और द्वितीय पाली दोपहर तीन से शाम 04:30 बजे होगी। यदि किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक पाठ्यक्रम में आवेदन कर रखा है तो इसकी सूचना वह 21 जुलाई तक दे सकते हैं।

तिथियां अभी तय नहीं : प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक आचार्य, अरब कल्चर, अरेबिक, बायोस्टैटिस्ट्क, बिजनेस इकोनॉमिक्स कंपोजिट हिस्ट्री, डिफेंस स्टडीज, फ्रेंच, सीसीजेए, ज्योतिर्विज्ञान, लिंग्विस्टिक्स, पर्शियन, संस्कृत, उर्दू, वेस्टर्न हिस्ट्री, महिला अध्ययन, पब्लिक पॉलिसी गवर्नेंस, पॉप्युलेशन स्टडीज, पब्लिक हेल्थ इन न्यूट्रिशियन साइंसेज, एनवायरमेंटल साइंस, एमएलआईएससी, रिन्यूबल एनर्जी और योग पाठ्यक्रम।



44 परास्नातक स्तर के कार्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा की तिथि तय

23 पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा की तारीख जल्द होंगी जारी

पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम

तिथि	पाठ्यक्रम
25 जुलाई	मानवशास्त्र, गृह विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, बायोटेक्नोलॉजी, बीपीएड, पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन, एआईएच एंड आर्कियोलॉजी, एप्लाइड जियोलॉजी, बैचलर इन लाइब्रेरी साइंसेज, शिक्षाशास्त्र, बायोकेमिस्ट्री, पब्लिक हेल्थ।
26 जुलाई	अंग्रेजी, माइक्रोबायोलॉजी, गणित, फॉरेंसिक साइंस, एमपीएड, राजनीतिशास्त्र।
27 जुलाई	वनस्पति विज्ञान, अर्थशास्त्र, रसायन विज्ञान, सांख्यिकी, एमआईएच।
28 जुलाई	एलएलबी, एमबीए, एमटीटीएम।
29 जुलाई	भूगोल, एलएलएम, अस्पताल प्रशासन, समाजशास्त्र, प्राणिशास्त्र।
30 जुलाई	हिन्दी, लोक प्रशासन, भौतिक विज्ञान, भू-गर्भ विज्ञान, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी, मनोविज्ञान।
31 जुलाई	एमएड, एमवीए या एमएफए, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, पत्रकारिता एवं जनसंचार, समाज कार्य, वाणिज्य।

नोट : प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाना निर्धारित है।

चार पाठ्यक्रमों की उत्तर कुंजी वेबसाइट पर जारी

एलयू में स्नातक प्रवेश परीक्षा 2024-25 के तहत बीएलएड, बीजेएमसी, बीबीए या बीएफए और बीएससी कृषि कार्यक्रम की उत्तर कुंजी जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी विवि की आधिकारिक वेबसाइट के एडमिशन पेज के यूजी प्रोग्राम पर जाकर मिलान कर सकते हैं।

i-NEXT PAGE 4

एलयू में पीजी के एंट्रेंस एग्जाम 25 जुलाई से

CONCEPT PIC

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी की समय सारिणी

LUCKNOW (19 JULY): लखनऊ विश्वविद्यालय ने 42 परास्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं की समय सारिणी शुक्रवार शाम को जारी कर दी. ये परीक्षाएं 25 से 31 जुलाई तक होंगी. जिन अभ्यर्थियों ने दो कोर्सों में आवेदन किया है और दोनों की प्रवेश परीक्षा की तिथि व समय एक ही है तो वे 21 जुलाई तक luadmissionswy@gmail.com पर सूचना भेज सकते हैं. प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर के अनुसार 23 विषयों की प्रवेश सूचना बाद में जारी की जाएगी.

किस दिन किस विषय का एग्जाम

25 जुलाई : सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक- एंथ्रोपोलाजी, बायोटेक्नोलाजी, होमसाइंस, कंप्यूटर साइंस, बीपीएड, पब्लिक हेल्थ (कम्युनिटी मेडिसिन). दोपहर तीन से 4.30 बजे तक : एआइएच एंड आर्कियोलाजी, अप्लाइड जियोलाजी, बीलिबआइएससी, एजुकेशन, बायोकेमिस्ट्री, पब्लिक हेल्थ।

26 जुलाई : सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक इंग्लिश, माइक्रो बायोलाजी, मैथमेटिक्स. दोपहर तीन से 4.30 बजे तक : फारेंसिक साइंस, एमपीएड, पालिटिकल साइंस.

27 जुलाई : सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक बाटनी, इयोनामिक्स. दोपहर तीन से 4.30 बजे तक : केमिस्ट्री, स्टेटिस्टिक्स, मेडिएअल, एंड माडर्न हिस्ट्री (एमआइएच).

28 जुलाई : सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक एलएलबी, दोपहर तीन से 4.30 बजे तक एमबीए/एमटीटीएम.

29 जुलाई : सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक जाग्रफी, एलएलएम. दोपहर तीन से 4.30 बजे तक हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, सोशियोलाजी, जूलाजी.

30 जुलाई : सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक हिंदी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, फिजिक्स. दोपहर तीन से 4.30 बजे तक जियोलाजी, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलाजी, साइकोलाजी.

31 जुलाई : सुबह 10.30 से दोपहर एक बजे तक एमएड, एमवीए, एमएफए. सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक जनलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, दोपहर तीन से शाम 4.30 बजे तक सोशल वर्क, कामर्स.

चार कोर्सों की आंसर की जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार देर शाम स्नातक के चार और विषयों में हुई प्रवेश परीक्षाओं की आंसर की जारी कर दी. इनमें बीएजेएमसी, बीएलएड, बीबीए, एमबीए और बीएससी एग्रीकल्चर विषय शामिल है. अभ्यर्थी एलयू की वेबसाइट पर इसे देखकर उत्तर कुंजी का मिलान कर सकते है.

लविवि : रजिस्ट्रार को दी गई विदाई

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह को शुक्रवार को विदाई दी गई। उनके सम्मान में कुलपति कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें सभी शिक्षकों व कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। बता दें कि बीते दिनों शासन ने रजिस्ट्रार विनोद सिंह का तबादला जौनपुर विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक के पद पर कर दिया था। (संवाद)

लविवि नवीन परिसर में हुआ पौधरोपण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में करगिल विजय दिवस 26 जुलाई के उपलक्ष्य में एनसीसी कैडेट्स ने पौधरोपण का कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की थीम- एक कैडेट एक पेड़...रही। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय रहे। इस मौके पर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा, प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, प्रो. राकेश द्विवेदी, 64 यूपी बटालियन के कैडेट्स व अन्य लोग उपस्थित रहे। (संवाद)

PIONEER PAGE 4

एलयू में पीजी की प्रवेश परीक्षा 25 से

लखनऊ। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत परास्नातक स्तर पर संचालित कोर्सों में दाखिले को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार को प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 25 जुलाई घोषित कर दी है। प्रवेश परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न कराई जायेगी। पहली पाली सुबह 10.30 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली शाम 3 बजे से 4.30 बजे तक सम्पन्न होगी। विवि के मुताबिक 25 जुलाई को पहली पाली में एंथ्रोपोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, होमसाइंस, कम्प्यूटर साइंस, बीपीएड और पब्लिक हेल्थ की परीक्षा होगी। शाम की पली में एआइएस, अप्लाइड जियोलॉजी, बीलिब आईएससी, एजूकेशन, बायोकेमिस्ट्री, पब्लिक हेल्थ की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न होगी। इसी तरह 26 जुलाई को सुबह की पॉली में अंग्रेजी, माइक्रोबायलॉजी,मैथ और शाम की पाली में फोरेंसिक साइंस, एमपीएड, पोलिटिकल साइंस की परीक्षा होगी। 27 जुलाई को बॉटनी, इकोनॉमिक्स और शाम की पॉली में केमिस्ट्री, स्टेटिक्स, एमआईएच की परीक्षा होगी। 28 जुलाई को सुबह की पॉली में एलएलबी, शाम की पॉली में एमबीए, एमटीटीएम की परीक्षा होगी। 29 जुलाई को जियोग्राफी, एलएलएम, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन और दूसरी पॉली में समाजशास्त्र और जन्तु विज्ञान की प्रवेश परीक्षा होगी। 30 जुलाई को हिंदी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, फिजिक्स की और शाम को जियोलॉजी, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी, साइकोलॉजी की परीक्षा होगी। 31 जुलाई को एमएड, एमवीए, एमएफए, अप्लाइड इकोनॉमिक्स, जर्नलिज्म एंड मॉस कम्यूनिकेशन और शाम की पॉली में सोशल वर्क और कामर्स की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न होगी।

TOI PAGE 2

Plantation in memory of Kargil martyrs in LU

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Commemorating the 25th anniversary of Kargil Vijay Diwas, a plantation drive was carried out on Lucknow University's second campus on Friday.

As a tribute to martyrs, around 300 saplings were planted by LU's NCC cadets under the 'Ek Cadet Ek Tree Initiative'.

VC Alok Kumar Rai and Brigadier Neeraj Punetha, Commander of Lucknow NCC of 64 UP Battalion NCC, planted saplings on the occasion

About 250 cadets from the 64 UP Battalion (BN), 63 UP BN, 3 UP Naval, 5 UP Air, and 20 Girls BN actively engaged in the drive.

Commanding officers of various NCC battalions, along with all JCOs and NCOs, also participated in the drive. Later, all participants paid tributes to the heroes of Kargil war.

VC Alok Kumar Rai & Brigadier Neeraj Punetha, Commander of Lucknow NCC of 64 UP Battalion NCC, planted saplings on the occasion

LU PG exam dates announced

Lucknow University announced tentative dates for posgraduate entrance exam. For admission to PG courses at the University, the entrance test will begin from July 25 and are expected to end on July 31.

लवि कुलपति के साथ एनसीसी कैडेट्स ने लगाए पौधे

लवि परिसर में पौधारोपण करते कुलपति प्रो. आलोक कुमार व एनसीसी कैडेट्स ● लवि

जासं ● लखनऊ : कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के साथ 64 यूपी बटालियन, 63 यूपी बटालियन, थ्री यूपी नेवल, पांच यूपी एयर और 20 गर्ल्स बटालियन के लगभग 250 कैडेटों ने पौधारोपण किया। इस मौके पर एसोसिएट एनसीसी आफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर प्रो. डीके सिंह, मेजर डा. किरन लता डंगवाल, डा. रजनीश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : 42 परास्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं 25 से 31 तक

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी की समय सारिणी

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने 42 परास्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं की समय सारिणी शुक्रवार शाम को जारी कर दी। ये परीक्षाएं 25 से 31 जुलाई तक होंगी। जिन अभ्यर्थियों ने दो कोर्सों में आवेदन किया है और दोनों की प्रवेश परीक्षा की तिथि व समय एक ही है तो वे 21 जुलाई तक luadmissions24@gmail.com पर सूचना भेज सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर के अनुसार 23 विषयों की प्रवेश सूचना बाद में जारी की जाएगी।

विषयवार प्रवेश परीक्षा तिथि

25 जुलाई : सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक- एंथ्रोपोलाजी, बायोटेक्नोलाजी, होमसाइंस, कंप्यूटर साइंस, बी.पी.एड, पब्लिक हेल्थ (कम्युनिटी मेडिसिन)। दोपहर तीन से 4.30 बजे तक : एआइएच एंड आर्कियोलाजी, अप्लाइड जियोलाजी, बी.लिब.आइएससी, एजुकेशन, बायोकेमिस्ट्री, पब्लिक हेल्थ।

26 जुलाई : सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक इंग्लिश, माइक्रो बायोलाजी, मैथमेटिक्स। दोपहर तीन से 4.30 बजे तक : फारेंसिक साइंस, एम.पी.एड, पालिटिकल साइंस।

27 जुलाई : सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक बाटनी, इकोनामिक्स। दोपहर तीन से 4.30 बजे तक : केमिस्ट्री, स्टेटिस्टिक्स, मेडिएअल, एंड माडर्न हिस्ट्री (एमआइएच)

28 जुलाई : सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक एल.एल.बी, दोपहर तीन से 4.30 बजे तक एम.बी.ए/एम.टी.टी.एम।

29 जुलाई : सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक जाग्रफी, एल.एल.एम। दोपहर तीन से 4.30 बजे तक हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, सोशियोलाजी, जूलाजी।

30 जुलाई : सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक हिंदी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, फिजिक्स। दोपहर तीन से 4.30 बजे तक जियोलाजी, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलाजी, साइकोलाजी।

चार कोर्सों की आंसर की जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार देर शाम बी.ए.जे.एम.सी, बी.एल.एड, बी.बी.ए, एम.बी.ए और बी.एससी एग्रीकल्चर प्रवेश परीक्षा की आंसर की जारी कर दी है। अभ्यर्थी लवि की वेबसाइट पर इसे देख सकते हैं।

दो दिनों में भरीं पीजी कोर्सों में 56 प्रतिशत सीटें

जासं ● लखनऊ : नेशनल पीजी कालेज में परास्नातक कोर्सों में पहली मेरिट सूची के अंतर्गत दो दिनों में शुक्रवार तक 350 में से 196 (करीब 56 प्रतिशत) सीटों पर प्रवेश ले लिए गए। अब शेष 154 सीटों पर शनिवार को भी प्रवेश लिए जाएंगे। उसके बाद खाली सीटों पर 22 जुलाई को सुबह 10 बजे से काउंसिलिंग संबंधित विभाग में होगी। प्रावार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन नहीं किया है, वे भी 22 जुलाई को काउंसिलिंग करा सकते हैं।

कोर्स वार बची सीटें : एमपीएच पांच, एम.एससी केमिस्ट्री 10, एम.ए पालिटिकल साइंस 24, एम.ए इकोनामिक्स 25, एम.ए अंग्रेजी 45, एम.ए/एम.एससी एंथ्रोपोलाजी 25, एम.ए जाग्रफी 20 सीटें

हास्टल आवंटन की सूची जारी : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक पांचवें सेमेस्टर की छात्राओं को हास्टल का पुन: आवंटन कर दिया है। शुक्रवार को इसकी सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर जारी की गई। इसमें बी.एससी मैथ्स, बी.एससी बायो, बी.ए पांचवें सेमेस्टर, बी.काम और बी.काम आनर्स पांचवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

AMRIT VICHAR PAGE 5

लखनऊ विश्वविद्यालय : परास्नातक के 42 विषयों की प्रवेश परीक्षा 25 से 31 तक

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीजी प्रवेश परीक्षा का शुक्रवार को शेड्यूल जारी कर दिया। 7 दिनों में 42 विषयों की प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। जो 25 से शुरू होकर 31 तक चलेगी। रोजाना 2 पाली में परीक्षा होगी। शुक्रवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने बताया कि परीक्षा से जुड़ी सभी तैयारियां कर ली गई हैं। परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में आयोजित होगी। सभी छात्रों को प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर ही प्रवेश दिया जायेगा।

25 जुलाई को पहली पाली में एंथ्रोपोलॉजी,बायोटेक्नोलॉजी, होम साइंस, कंप्यूटर साइंस,बीपीएड और पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी। जबकि दूसरी पाली में आर्कियोलॉजी,अप्लाइड जियोलॉजी, बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस, एजुकेशन, बायोकेमेस्ट्री, पब्लिक हेल्थ विषय में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी।

ये है परीक्षा का समय

- पहली पाली 10.30 से 12 तक
- दूसरी पाली 3 से 4.30

26 जुलाई को इंग्लिश, माइक्रोबायोलॉजी, मैथमेटिक्स विषय में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित होगी। वहीं दूसरी पाली में फॉरेंसिक साइंस, एमपीएड, पॉलिटिकल साइंस विषय में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित होगी।

27 जुलाई को बॉटनी, इकोनॉमिक्स प्रवेश परीक्षा पहली पाली में होगी। जबकि दूसरी पाली में केमिस्ट्री, स्टैटिक्स, मिडिवल-मॉडर्न हिस्ट्री में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित होगी। 28 जुलाई को पहली पाली में एलएलबी और दूसरी पाली में एमबीए और एमटीटीएम विषय में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी।

29 जुलाई को पहली पाली में भूगोल व एलएलएम विषयों में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी। जबकि दूसरी पाली में हॉस्पिटल एडिमिनिस्ट्रेशन, सोशियोलॉजी, जूलॉजी विषय में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी। वहीं 30 को पहली पाली में हिंदी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, फिजिक्स और दूसरी पाली में जियोलॉजी, फूड प्रोसेसिंग-फूड टेक्नोलॉजी, साइकोलॉजी विषय की परीक्षा होगी। 31 जुलाई को पहली पाली में एप्लाइड इकोनॉमिक्स, जर्नलिज्म एंड मैस कम्युनिकेशन की परीक्षा होगी। इसके अलावा एमएड, एमवीए/एमएफए की 10.30 से 1.30 तक प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। जबकि दूसरी पाली में सोशल वर्क, कॉमर्स विषय में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव रहे डॉ विनोद कुमार सिंह को विदाई देते हुए विश्वविद्यालय के अधिकारी। अमृत विचार

कुलसचिव को दी गई विदाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कुलपति सहित सभी शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी रहे शामिल

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह का शुक्रवार को विदाई का समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति कार्यालय के मंथन हाल में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय सहित सभी कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

इससे पहले डॉ. विनोद कुमार सिंह का स्थानांतरण हो गया था। इसके बाद उनके लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि कुलसचिव डा. विनोद सिंह बेहद कर्मठ और पूर्ण मनोयोग से काम करने वाले व्यक्ति हैं। हमें आशा है कि डा. विनोद सिंह आगे भी ऐसा ही कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, पूर्व प्रति कुलपति प्रो. अरविन्द अवस्थी, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, डीन एडमिशन प्रो. वीके शर्मा, समन्वयक प्रवेश प्रो पंकज माथुर, अवैतनिक पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. केया पांडेय, लूटा महामंत्री डॉ अनित्य गौरव और शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

छात्रों के प्रमाण-पत्रों का सत्यापन 22 को

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक प्रवेश (सत्र 2024-25) के तहत बीए (योगा), बीएससी (योगा) के पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन किये हुए छात्र-छात्राएं 22 जुलाई को जानकीपुरम स्थित लविवि के द्वितीय परिसर के योगा संकाय में सुबह 10 बजे अपने सभी मूल अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र तथा उनकी प्रतिलिपि लेकर पात्रता जांच एवं प्रमाणपत्रों का सत्यापन करायें। जिससे पात्र छात्र-छात्राओं का आनलाइन शुल्क जमा कराने एवं प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जा सकें। उक्त जानकारी लविवि के प्रवेश समन्वयक प्रो.पंकज माथुर ने दी। इसी क्रम में लविवि के विज्ञान विभाग के संकायाध्यक्ष ने बताया कि चतुर्थ सेमेस्टर के उत्तीर्ण छात्र पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश के लिए 23 जुलाई तक काउंसिलिंग फार्म, चतुर्थ सेमेस्टर की अंकतालिका एवं फीस रसीद की छायाप्रति और विषय चयन विकल्प पत्र का प्रिंट आउट (यूडीआरसी पोर्टल पर भर कर) उक्त सभी प्रपत्रों के साथ आकर अपना प्रवेश सुनिश्चित करा लें।

कुलसचिव के सम्मान में विदाई समारोह

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.विनोद कुमार सिंह का स्थानांतरण के बाद विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने कहा, कुलसचिव डा.विनोद सिंह बेहद कर्मठ और पूर्ण मनोयोग से काम करने वाले व्यक्ति हैं और इन्होंने पूरे बुद्धिमानी के साथ अपना कार्य किया। हमें आशा है कि डा.विनोद सिंह आगे भी ऐसा ही कार्य करते रहेंगे। हम सब की तरफ से उनको बहुत-बहुत बधाई। इस कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना, पूर्व प्रतिकुलपति प्रो.अरविन्द अवस्थी, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, कुलानुशासक प्रो.राकेश द्विवेदी, डीन एडमिशन प्रो.वीके शर्मा, समन्वयक प्रवेश प्रो.पंकज माथुर, अवैतनिक पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो.केया पांडेय, लूटा महामंत्री डॉ.अनित्य गौरव और शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।